सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री राम चरण पुत्र श्री हरचंद यादव पो0 ग्राम कोट तहसील महवा जिला दौसा राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी, दौसा

अपील सं0 32/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 11.07.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी, दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 20.02.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी जिला रसद अधिकारी, दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है लोक सूचना अधिकारी, जिला रसद अधिकारी, दौसा द्वारा उनके पत्रांकः रसद/आरटीआई/2018/199 दिनांक 10.07.2018 द्वारा इस कार्यालय को सूचना भिजवाते हुए अपीलांट को भी प्रतिलिपि पृष्ठांकित की गई है। प्रेषित पत्रादि की छाया प्रति संलग्न पत्रावली है। आवेदक को सूचना उपलब्ध हो जाने के फलस्वरुप अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा